सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

श्री महेन्द्र मोहन उर्फ महेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 श्री रामचन्द्र जाति–रैगर, ग्राम–धीराडा, तहसील–राजगढ, जिला अलवर–301410

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, (सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट), दौसा

अपील सं0 15/2019

निर्णय दिनांक 12.06.2019

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट), दौसा को दिनांक 26.03.2019 को सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट), दौसा जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट), दौसा के पत्र क्रमांक आर0टी0आई/2019/872 दिनांक 21.5.2019 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया गया है कि उनके पत्रांक 844 दिनांक 25.04.2019 द्वारा आवेदक को उक्त पत्र द्वारा "सूचना प्रश्नात्मक होने से प्रशासनिक सुधार विभाग एवं समन्वय विभाग सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ के परिपत्र क्रमांक 43 (22)/प्रस/सूअप्र/06 जयपुर दिनांक 02.02.2009 में अंकित निर्देशानुसार वॉछित सूचना समस्याओं के समाधान के अंतर्गत होने से कोई जवाब अपेक्षित नहीं है" अंकित कर सूचना भिजवाई जाकर अपील निरस्त करने का निवेदन किया गया है। पत्रावली में उक्त पत्रादि संलग्न है। इससे यह स्पष्ट होता है कि लोक सूचना अधिकारी (सहायक कलेक्टर एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट), दौसा द्वारा अपीलांट को वॉछित सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो।

(अविचल चतुर्वेदी)
जिला कलेक्टर, दौसा